बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

होशंगाबाद रोड, भोपाल : 462 026

क्रमांक : 1805 / लेखा–वि.वि. सावधि / 2022, भोपाल, दिनांक : - 7 FEB 2022

प्रति,

समस्त मुख्य प्रबंधक / शाखा प्रबंधक,
(राष्ट्रीयकृत बैंक).

....

भोपाल

विषय :– **विश्वविद्यालय में सावधि निवेश (Fix Deposit)) को नवीनीकृत कराने हेतु बैंक की अधिकतम् सावधि ब्याज दर आमंत्रण के संबंध में।**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि विश्वविद्यालय की माह मार्च–2022 में सावधि जमा परिपक्व हो रही है, इन सावधियों को पुनः 01 (एक) वर्ष एवं एक वर्ष से दो वर्ष की अवधि के लिये पुनर्निवेशित किया जाना है। अतः वर्तमान में प्रचलित सावधि निवेश हेतु 1 (एक) वर्ष एवं 1 (एक) वर्ष से 2 (दो) वर्ष की अवधि के लिये राशि रू. 2.00 करोड से कम एवं 2.00 करोड से अधिक (बल्क) निवेश हेतु अधिकतम् सावधि ब्याज दर पर प्रस्ताव आमत्रित है।

उपरोक्त जानकारी एवं बैंक के संबंध में सम्पूर्ण विवरण सहित कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से पूर्णतः सीलबंद लिफाफे (लिफाफें के पृष्ठ भाग पर बैंक की सील एवं शाखा प्रबंधक के हस्ताक्षर अनिवार्य है) में दिनांक : 16–03–2022 की ब्याज दर का उल्लेख करते हुये दोपहर 11.30 बजे तक वित्त नियंत्रक / सहायक कुलसचिव (लेखा) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को प्रस्ताव उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रस्तुत ब्याज दरें न्यूनतम तीन दिवस हेतु मान्य होना चाहिए। किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के लिये श्री सुनील नायक, सहायक कुलसचिव (लेखा) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से सम्पर्क करने का कष्ट करे। आवश्यक जानकारी हेतु मोबा. 9575304500 पर कार्यालयीन समय पर सम्पर्क किया जा सकता है।

सहायक कुलसचिव (लेखा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
ASTT. REGISTRAR (ACCT.)
Berkatullah University, Bhopal

पृ. क्रमांक : 1806 / लेखा–वि.वि. सावधि / 2022, भोपाल, दिनांक - 7 FEB 2022

प्रतिलिपि :–

1– सावधि निवेश समिति के (1) प्रो. एस. के. खटीक, वाणिज्य विभाग, अध्यक्ष (2) वित्त नियंत्रक, सदस्य (3) प्रो. विवेक शर्मा, प्रबंधन विभाग, सदस्य (4) प्रो. पवन मिश्रा, वाणिज्य विभाग, सदस्य की ओर सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि आगामी बैठक दिनांक : 16–03–2022 (समय : 12.00 बजे) में उपस्थिति हेतु सादर।

2– आई. टी. सेल, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की ओर विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने की व्यवस्था हेतु।

3– निजी नस्ती।

सहायक कुलसचिव (लेखा)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
ASTT. REGISTRAR (ACCT.)
Berkatullah University, Bhopal